हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 स्कूल शिक्षा सचिव ने किया स्कूलों का औचक...

14 फोकटपारा किरवई स्कूल में मना प्रवेशोत्सव




प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA DCA
B.P.Ed. B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24

# पीएम किसान सम्मान निधि में आधार सीडिंग और ई-केवायसी करवाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी आधार एवं लैंड सीडिंग पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन पर 26 से 30 जून तक ग्राम स्तरीय विशेष अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक चंदन राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के समस्त पात्र पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी, आधार एवं लैंड सिडिंग करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। लंबित ई-केवाईसी आधार एवं लैंड सीडिंग पूर्ण कराने के लिए 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर ग्राम स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि समस्त पात्र हितग्राहियों को आगामी किस्त की राशि प्राप्त हो सके। सुलभ ई-केवाईसी हेतु पी.एम. किसान फेस एप उपलब्ध कराया गया है। ई-केवाईसी कराने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पी.एम. किसान पोर्टल में जाकर फेस एप के माध्यम से अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते है अथवा लोक सेवा केन्द्र, लोक सेवा सेंटर्स, सीएससी के माध्यम से बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार हितग्राहियों को आधार कार्ड नंबर को बैंक खाता नंबर से लिंक कराने के उपरांत आधार कार्ड नंबर का सत्यापन ई-केवाईसी के माध्यम से कराने पर ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त की राशि प्रदान की जायेगी।

## किसान पोर्टल के माध्यम से अपने आधार कार्ड नंबर का कर सकते हैं सत्यापन


30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

### कृषकों को योजना के लाभ से होना पड़ रहा वंचित

ई-केवाईसी, लैंड सिडिंग तथा आधार सिडिंग अपूर्ण होने के कारण से कई कृषकों को योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा स्थानीय बैंकों एवं च्वाईस सेंटर के सहयोग से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने ग्राम स्तरीय शिविर में आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका एवं आधार लिंक मोबाईल नंबर के साथ उपस्थित होकर केवाईसी आधार एवं लैंड सिडिंग सुधार करवा सकते है। जिन किसान भाईयों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ नवीन पंजीयन हेतु शिविर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## लापरवाही : स्टाप डेम बहने से मकान और खेत होंगे क्षतिग्रस्त

# मरम्मत नहीं होने से तुहामेंटा, मैनपुर व अचानपुर स्टापडेमों के बहने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कुछ वर्ष पहले निर्माण किए गए 7-8 ऐसे स्टाप डेम हैं जो हर वर्ष बारिश में धीरे- धीरे क्षतिग्रस्त होकर अब स्थिति बेहद खराब हो गई है और ग्रामीणों द्वारा समय- समय पर इन स्टाप डेमों की सुधार मरम्मत की मांग करते थक चुके हैं, लेकिन संबधित विभाग द्वारा अब तक कोई ध्यान देने के कारण इस वर्ष बारिश में अचानपुर और मैनपुर तथा तुहामेंटा का स्टाप डेम बहने की संभावना है, क्योंकि यह तीनों स्टाप डेम बेहद जर्जर हो गया है साथ ही स्टाप डेम बहने से जहां एक ओर शासन के लाखों, करोड़ों, रूपये पानी में बह जायेंगे वहीं आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों के मकान और खेत को भारी क्षति पहुंचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता क्षेत्र के लोगों ने समय से पहले स्टाप डेम की सुधार की मांग कर थक चुके हैं लेकिन संबधित विभाग के उदासीन रवैये के कारण अब तक सुधार नहीं हुआ है। शायद विभाग यह इंतजार में है कि कब स्टाप डेम बह जाये तभी तो इन स्टाप डेमों का मरम्मत नहीं करवाया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से महज डेढ किलोमीटर दूर ग्राम अचानपुर और नदीपारा के बीच नदी में सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 50 लाख रूपये की राशि से निर्माण किया गया है, जो बेहद घटिया निर्माण के कारण नीचे हिस्से पूरी तरह से टूटकर बह गया है और 15 से 20 फीट गहरे गढ्ढे हो गये हैं।




### मरम्मत कराई जायेगी

एसडीओ को तत्काल निर्देशित किया जा रहा है। स्टाप डेम में जो गढ्ढे हो गये हैं उसे भरा जाये और जल्द ही मरम्मत कराई जायेगी।
**-एसके बरमन**, कार्यपालन अभियंता

### स्टाप डेम का नीचला हिस्सा टूटकर बहने से हुआ 40 फीट गढ्ढा

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सिंचाई विभाग के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर एक लंबे अरसे से सवाल खड़े हो रहे हैं, जहां हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है और तो और दो मवेशियों की इस गढ्ढे में गिरने से मौत भी हो चुकी है, लेकिन सिंचाई विभाग के अफसर क्यों शिकायत के बाद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है समझ से परे है। इसी तरह मैनपुर नगर नदी किनारे स्टाप डेम और, तुटामेंटा स्टाप डेम जो सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण किया गया है बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गया है और इस वर्ष बारिश में इसके बहने की संभावना है, अचानपुर नदीपारा मुख्य मार्ग में सड़क किनारे इस स्टाप डेम का निर्माण किया गया है स्टाप डेम के नीचले हिस्सा टूटकर बह जाने से यह सड़क से लगभग 40 फीट गहरे गढ्ढे हो गये हैं, इस मार्ग में देर रात तक लोगों का आना- जाना लगा रहता है, स्कूली छात्र- छात्राएं भी आते हैं रात में बिजली नहीं होने के कारण अंधेरे में हमेंशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है, क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है उक्त स्टाप डेम की मरम्मत करवाई जाये।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा आरोपी मुकेश नेताम उम्र 22 वर्ष निवासी पायलीखण्ड को शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने के जुर्म में धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक जनक राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2020 को थाना पायलीखण्ड (जुगाड़) में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि उसकी नाबालिक पुत्री दिनांक 10 अगस्त 2020 को प्रातः घर से बिना बताए कही चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 22 अक्टुबर 2020 को पीड़िता को आरोपी के कब्जे से बरामद कर पीड़िता को महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया तथा पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराकर प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना पश्चात आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 (2) (झ) (ढ़) के तहत धारा 6 पाक्सो अधिनियम के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। आरोपी के विरूद्ध धारा 6 पाक्सो एक्ट धारा 363, 366 के तहत अपराध सिद्ध पाये जाने पर धारा 6 पाक्सों एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास 5 हजार रुपये का अर्थदण्ड धारा 363 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 1,000 रुपये का अर्थदण्ड धारा 366 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास 2,000 रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### नवीन कानून के क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आज

**गरियाबंद।** नवीन कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के लिए 28 जून को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री पंकज डाहिरे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यशाला में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ, लोक अभियोजन अधिकारी, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, बीएमओ, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं थानेदार, खाद्य अधिकारी, सहायक खाद्य निरीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय समिति के सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। इनमें पुलिस अधीक्षक, जिला जनसंपर्क अधिकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त, जिला फोरेंसिक विशेषज्ञ, जिला अधिकारी एनआईसी चिप्स एवं जिला जेल अधीक्षक शामिल है।

### ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में होंगे शामिल विधायक

**राजिम।** विधायक रोहित साहू आज वार्ड नंबर 14 के शासकीय शाला में बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव कराएंगे। यह आयोजन ब्लॉक स्तरीय होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर करेंगी। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नपा के सभापति पुष्पा गोस्वामी आदि शामिल होंगे।



### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**महासमुंद।** पटेवा थाने में एक महिला ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। घटना 26 जून 2024 रात करीब 10:40 बजे की है। आरोपी द्वारा जब महिला के मोबाइल पर अश्लील फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक तथा खगेंद्र चंद्राकर निवासी थाना पिथौरा के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जमीन विवाद लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम पिपलखुंटा में मारपीट गाली गलौच करने का मामला दर्ज किया गया है। संतोष दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया 11:30 बजे उसका भतीजा प्रकाश दास मानिकपुरी पटवारी को बुलाकर जमीन नपवाने गया था। जहां संतोष के पिता प्रेमदास और संतोष भी मौजूद थे।

# पोड़-चंपारण में शिवमहापुराण कथा की चल रही भव्य तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम


नवापारा-आरंग मार्ग पर यहां से 12 किमी दूर पोड़-चंपारण में अंतर्राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध शिवमहापुराण कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का 12 अगस्त से 16 अगस्त तक होने जा रहा है। इसकी व्यापक स्तर में तैयारी शुरू हो गई है। यह जानकारी देते हुए आयोजक राकेश देवांगन, समिति के संरक्षक सतीश यादव ने बताया कि 30 एकड़ में भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। 2 एकड़ में भोजन भंडारा और 1 एकड़ में शौचालय निर्माण किया जा रहा है। संरक्षक श्री यादव ने बताया कि गांव के चारो दिशाओं में पार्किंग होगी। मसलन आरंग की ओर से आने वाले वाहन पोड़ पहुंचने के पहले पार्किंग में खड़ी हो जाएगी। रायपुर से आने वाली वाहन व नवापारा से जाने वाली गाड़ियां बस्ती पहुंचने के पहले ही पार्किंग में लग जाएगी। इसके लिए बाकायदा समिति के लोगों को काम बांट दिया गया है। सारे लोग जीजान से इसकी तैयारी में लग गए है।



# प्रज्ञेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के वार्ड नंबर 13 में भगवान शिवशंकर के प्रज्ञेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। भजन कीर्तन सहित दीप यज्ञ एवं रामायण कार्यक्रम हुए। वार्ड नंबर 13 के शासकीय जमीन पर पार्षद मंजू हरित के द्वारा चबूतरे का निर्माण कराया गया था जिसमें वार्डवासियों के सहयोग से गुरूवार को गायत्री परिवार के प्रमुख एचएल साहू के मार्गदर्शन में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा पड़ित के मंत्रोंपचार से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा कर प्रज्ञेश्वर शिवलिंग का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में उधो सिन्हा पत्नि लक्ष्मी सिन्हा ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम मे परमानंद यदु, पदमा यदु, संतोषी श्रीवास्तव, सुनिता श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास, भुनेश्वरी साहू, शोभना साहू, सावित्री साहू, पूर्णिम यादव, लता सोनी, आशा पोद्दार, रूपा साहू, हेमलता साहू, मंजू साहू, जेपी वर्मा, रोशन लाल साहू, एलआर वर्मा, मधु चंद्राकर, जगदीश साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# हाईवे को पार कर छिंदौला पहुंचा हाथी, विभाग सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र के जंगल में लंबे समय के बाद एक हाथी बिछडकर बुधवार को दोपहर 03 बजे के आसपास गोबरा जंगल में पहुंच गया। ऐलीफेंट एप के माध्यम से जानकारी लगते ही वन विभाग एवं हाथी मित्रदल के सदस्य तत्काल सक्रिय हुआ है। हाथी प्रभावित ग्रामों में लोगों को मुनादी के माध्यम से सूचना देकर जंगल के तरफ अकेले नहीं जाने की अपील किया जा रहा है, साथ ही हल्की बारिश के बीच हाथी मित्रदल और वन विभाग के अमला रातभर जागरण करते रहें क्योंकि यह हाथी दल से बिछडकर अकेला पहुंचा है जिसके कारण काफी गुस्सा में हैं और दल से बिछड़ा हाथी काफी आक्रमक होते हैं, यहां हाथी गुरूवार सुबह 5 बजे के आसपास धवलपुर के पास नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग को पार कर छिन्दौला के जंगल के तरफ रवाना हुआ हाथी जैसे ही नेशनल हाईवे के नजदीक पहुंचा वन विभाग द्वारा एक संभावित स्थल में दो किलोमीटर दोनों तरफ सुरक्षा के दृष्टि से वाहनों को रोक दिया गया। लगभग 01 घंटे तक वाहन रूके रहे इसके बाद हाथी के सकुशल जंगल के तरफ रवाना होने के बाद ही वाहनों को आने जाने दिया गया, वन विभाग मैनपुर के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने हरिभूमि को बताया कि चंदन बाहरा सांकरा से तरफ से यह हाथी कल शाम को ▶▶|शेष पेज 12 पर


■ वन विभाग की टीम कर रही लगातार निगरानी

## जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण समिति की बैठक संपन्न

# जिले के प्रत्येक बालिका छात्रावासों का करें निरीक्षण : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण तथा अनैतिक व्यापार रोकथाम सामिति की बैठक पुलिस अधीक्षक सभाकक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री कांबले ने पुलिस विभाग के सभी थानों में अन्यत्र पलायन करने वाले तथा अन्य स्थान में ले जाने वाले व्यक्तियों का नाम, पता, उम्र, संपर्क नंबर, सभी का पंजी संधारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। ताकि पलायन में गये व्यक्तियों को समय-समय पर दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में पलायन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन करें, थानों द्वारा ग्राम पंचायत संरक्षण बाल संरक्षण समिति का रजिस्टर का निरीक्षण करें। श्रम विभाग से समन्वय कर कार्य के लिए बाहर ले जाने वाले ठेकेदारों का लाइसेंस बनाये एवं समय-समय पर बैठक आयोजित करे। इसके अलावा अनाथ बच्चों की सूची तैयार करे एवं आवश्यकता अनुसार सभी बच्चों को संस्था में रखे, ढाबो में बालश्रम में लिप्त बच्चों की सूची तैयार करें। साथ ही जिले के प्रत्येक बालिका छात्रावासों का निरीक्षण करे यदि वहां कोई पुरूष कर्मचारी कार्यरत है तो उसके स्थान पर महिला कर्मचारियों की व्यवस्था करें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नये कानून के बारे में जानकरी देते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मियों को जागरूकता अभियान के तहत प्रचार-प्रसार करने को कहा, सभी कार्यस्थलों पर गठित लैंगिक उत्पीड़न समिति की सूची चस्पा करे, महिलाओं के संबंध में कोई भी समस्या हो तो निःशुल्क हेल्पलाईन नम्बर 181 में संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा सिन्हा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, केन्द्र प्रशासक, एवं महिला उत्पीड़न निवारण तथा अनैतिक व्यापार रोकथाम सामिति के सदस्य, चिकित्सा अधिकारी, महिला अधिवक्ता, लोक आस्था सेवा संस्थान के अध्यक्ष, अध्यक्ष स्वावलंबी महिला विकास समिति, अध्यक्ष खोज एवं जन जागृति जयंती एवं जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास के नगर मैनपुर, एवं सामाजिक कार्यकर्ता अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

RATNA_BHOOMI_28_2024-02_Layout 1 6/27/2024 11:58 PM Page 1



# सौर ऊर्जा का हर काम क्रेडा से कराएं, सरकार ने निकाला दस साल पुराना आदेश

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक निगम और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत किए जाने वाले सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का काम सीधे न करवाकर क्रेडा के माध्यम से करवाएं। खास बात ये है कि यह आदेश जारी करने के लिए सरकार के 10 साल पुराने एक आदेश का हवाला दिया गया है।

■ क्रेडा सौर ऊर्जा क्षेत्र की नोडल एजेंसी है

राज्य में नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्य बड़ी संख्या में करवाए जा रहे हैं, लेकिन नगरीय निकाय ये काम खुद ही किसी बाहरी एजेंसी या संस्था के माध्यम से करवा रहे हैं। ऐसा करने से सरकारी एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय विकाय अभिकरण (क्रेडा) को काम नहीं मिल पा रहा है। अब नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं।



### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने यह निर्देश देने के साथ ही राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा 10 साल पहले जारी किए आदेश को भी निकाला है। तत्कालीन सरकार ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को आदेश दिया था कि सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं। इस आदेश में कहा गया था कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्रेडा राज्य की नोडल एजेंसी है। क्रेडा द्वारा यह ध्यान में लाया गया है कि राज्य में पारंपरिक उर्जा आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा गैर परंपरागत स्रोत आधारित उपकरण, उपस्कर का क्रय अन्य विभागों द्वारा सीधे किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता से वंचित होने की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप



### बेदमति को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**गरियाबंद।** जिले के ग्राम पंचायत सचिव धानेन्द्र प्रताप ध्रुव के आकस्मिक निधन के फलस्वरूप उनकी पत्नी को एक माह के भीतर ही त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया गया। दिवंगत श्री धानेन्द्र प्रताप ध्रुव, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे, जिनका 03 जून को आकस्मिक निधन होने के कारण उनके परिवार के आश्रित सदस्यों से अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया था। 19 जून को उनकी पत्नी श्रीमती बेदमति ध्रुव द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदमिनी हरदेल द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत सीईओ रीता यादव द्वारा प्राप्त आवेदन में त्वरित कार्यवाही करते हुए 01 माह के भीतर ही आवेदन के परीक्षण उपरांत 26 जून को दिवंगत सचिव की धर्मपत्नी बेदमति ध्रुव को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आदेश जारी कर जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव (प्रशासनिक) में पदस्थ किया गया है। बेदमति ध्रुव ने एक माह के भीतर अनुकंपा नियुक्ति के आदेश मिलने पर जिला पंचायत का आभार व्यक्त किया है।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

## पेज 11 के शेष...

### दुष्कर्म के आरोपी ...

किया गया है। पीड़िता की शारीरिक व मानसिक पीड़ा जीवन एवं मनोदशा पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं समाज में हुई प्रतिष्ठा भंग इत्यादि समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये तथा पीड़िता की आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए न्यायालय द्वारा प्रतिकर स्वरूप 4 लाख रुपये दिलाये जाने का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर को आदेशित किया गया है।

### हाईवे को पार...

गोबरा के जंगल में पहुच गया था अकेला हाथी होने के कारण ज्यादा सावधानी बतरनी पडती है क्योंकि दल से बिछडने के बाद हाथी काफी आक्रमक हो जाते है यह हाथी जंगल रास्ते से होते हुए आज सुबह 05 बजे नेशनल हाईवे को पार कर सिंहार छिन्दौला के जंगल कांटा दोना नाला के पास शाम 06 बजे समाचार लिखे जाने तक अपना डेरा जमाये हुए है क्योकि यहा पर नदी में प्रर्याप्त पानी है साथ ही बांस के जंगल होने के कारण हाथी को पर्याप्त चारा और पानी मिल रहा है श्री सोरी ने बताया कि वन विभाग और हाथी मित्रदल के सदस्य गज वाहन के माध्यम से हाथी प्रभावित ग्रामो में लोगो को मुनादी कर सूचित कर रहे है।

# 50 से अधिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रस्ताव, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति के नवगठित पदाधिकारी एवं अस्पताल के स्टाफ की बैठक विधायक एवं जीवनदीप समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, खंड चिकित्सा अधिकारी उमेश विश्वास, बीपीएम अश्वनी पांडे, पीडब्ल्यूडी एसडीओ श्री वैघ, सीएमओ प्रदीप मिश्रा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेन्द्र साहू मौजूद थे। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एजेंडा प्रस्ताव रखा गया। प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था, फार्मासिस्ट ग्रेड 2, बाथरूम एवं टॉयलेट पुराने व जर्जर हो गए हैं इसके साथ-साथ टाइल्स, टॉयलेट, सीट बेसिन नल आदि के मरम्मत कार्य, अस्पताल के मुख्य दरवाजा में प्रवेश द्वार का निर्माण, मरीजों एवं स्टाफ के लिए टीन शेड पार्किंग निर्माण, पोस्टमार्टम कक्ष के एवं ऑक्सीजन प्लांट एरिया हेतु नाली निर्माण फ्लोरिंग कार्य, फिजियोथैरेपिस्ट के रिक्त पद की नियुक्ति, मितानिन हेल्पडेक्स तैयार करने, आवश्यक दवाई एवं लैब सामग्री जो कि शासन स्तर सीजी एमएससी, सीएमएचओ व बीएमओ स्टोर से प्राप्त नहीं होती उसकी खरीदी, यहां पूर्व में पदस्थ एक्स-रे टेक्नीशियन के सेवानिवृत्ति हो जाने के पश्चात एक्स-रे टेक्नीशियन की व्यवस्था, पेट्रोल-डीजल आपूर्ति हेतु प्रस्ताव, एम्बुलेंस चालाक, वाहन चालक, आयुष्मान कार्ड कार्य के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर, आपातकाल हेतु 108 एवं 102 महतारी वाहन की व्यवस्था नियमित स्टापेज, विद्युत प्रभावित होने पर इनवर्टर की आवश्यकता, ऑक्सीजन प्लांट को नियमित रूप से देखरेख एवं संचालन हेतु ऑपरेटर की व्यवस्था, सेंट्रीफ्यूज मशीन लैब हेतु मिक्सर मशीन आदि वृद्ध जनों, बुजुर्गों के लिए रैम्प निर्माण, शासन द्वारा 50 बिस्तर अस्पताल प्रस्तावित है। नगर पालिका से संबंधित दैनिक साफ-सफाई, अस्पताल में पानी की व्यवस्था पानी टैंकर के माध्यम से लोक निर्माण विभाग से अस्पताल पुराने भवन का मरम्मत एवं अस्पताल के पीछे जमीन समतलीकरण, प्रवेश द्वार निर्माण, अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रतिदिन पुलिस पेट्रोलिंग, अस्पताल में सुरक्षा कर्मी की उपलब्धता, पीएचई विभाग द्वारा पेयजल हेतु अतिरिक्त बोर खनन वनविभाग द्वारा पौधारोपण कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त शासकीय आवास की आवश्यकता, सोनोग्राफी मशीन, ओटी सहायक, ऑक्सीजन प्लांट में लगे जनरेटर में अर्थिंग लगाने का कार्य किया जाना है इस प्रकार 50 से अधिक जरूरी समस्याओं का निराकरण हेतु प्रस्ताव में लाया गया।



### बंद पड़े एक्स-रे मशीन को तत्काल चालू करें : विधायक इंद्रकुमार

जिस पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने बंद पड़े एक्स-रे मशीन को तत्काल चालू करने के निर्देश दिए वहीं सोनोग्राफी के लिए व अन्य जरूरी पद स्थापना के लिए जीवनदीप समिति एवं स्वास्थ्य विभाग से अति शीघ्र पत्र व्यवहार कर पूर्ण कराने आश्वासन दिया। विधायक इंद्रकुमार साहू के विशेष प्रयास से नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ होने के बाद भी दूसरे जगह संलग्न कर्मचारियों का नवापारा स्वास्थ्य केंद्र में वापसी हुई है, वही पूरे विधानसभा क्षेत्र में 23 स्वास्थ्य कर्मियों की मूल पद पर पदस्थापना पर वापसी हुई है। बैठक में समिति के सदस्य कमल नारायण साहू जनपद सदस्य, दिनेश सांखला, नागेंद्र वर्मा,पार्षद पद्मिनी सोनी, मुकुंद मेश्राम संजय साहू, साधना सौरज, सचिन सचदेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, अशोक गंगवाल, सिंटू सौरभ जैन, चंद्रिका साहू, ईश्वरी देवांगन, कन्हैया, फेकनू साहू, राजू रजक, धनमती साहू, युवराज यादव, किशोर सचदेव मौजूद थे।

# प्रदेश साहू संघ ने एसपी से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की रखी मांग



**राजिम।** नगर पंचायत गौरेला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले कन्हैया राठौर को पुलिस बचा रही है। यह जानकारी देते हुए राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि दिनांक 9 जून को रात्रि लगभग 10 बजे भारतीय जनता पार्टी गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर गौरेला नगर पंचायत के सीएमओ नारायण साहू के मोबाइल नंबर पर फोनकर गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी तथा चेंबर में घुसकर मारने की धमकी देता है और देख लेने की धमकी देता है। चूँकि उस दिन अवकाश होने के कारण सीएमओ नारायण साहू अपने गृह नगर भिलाई में परिवार के साथ थे। घटना के बाद पीड़ित सीएमओ के द्वारा भिलाई थाना सेक्टर 6 जिला दुर्ग में लिखित शिकायत दर्ज कराना चाहा तो वहां के थाना प्रभारी ने उन्हें गौरेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा और लिखित आवेदन पत्र में मूल घटना गौरेला थाना में आवेदन भेजा जाना लिखकर वापस कर दिया जाता है इसके बाद पीड़ित सीएमओ गौरेला थाना दिनांक 26 जून 2024 को गौरेला थाना के टीआई श्री रात्रे को लिखित में शिकायत आवेदन तथा आरोपी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करना चाहा तो थाना प्रभारी श्री रात्रे के द्वारा उनका शिकायत आवेदन लेने से भी इंकार कर दिया क्योंकि सीएमओ नारायण साहू को गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने वाला व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के अध्यक्ष है इसलिए पुलिस प्रशासन के द्वारा हीला हवाला किया जा रहा है और पीड़ित सीएमओ नारायण साहू का लिखित शिकायत लेने से इनकार कर दिया। अब पीड़ित सीएमओ नारायण साहू अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए दर-दर भटक रहा है इसकी सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री दयाराम साहू, उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री सोहन साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव हीरेंद्र साहू, गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष मनोज साहू, कोरबा जिला साहू संघ के अध्यक्ष गिरजा शंकर साहू, जांजगीर चांपा के प्रदेश प्रतिनिधि नरेंद्र साहू, डॉक्टर दाताराम साहू घटना स्थल थाना गौरेला पहुंचे। सामाजिक प्रतिनिधियों के उपस्थिति में पीड़ित सीएमओ नारायण साहू ने शिकायत दर्ज कराना चाहा तो भी गौरेला थाना के टीआई श्री रात्रे ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर लिखित शिकायत पत्र भी लेने से भी इनकार कर दिया। थाना प्रभारी की आवेदन लेने से इनकार करने के पश्चात गुरूवार को जिला जीपीएम के एसपी भावना गुप्ता से मिलकर रिपोर्ट दर्ज करने की बात सीएमओ नारायण साहू ने समाज के प्रतिनिधि मंडल से मिलकर मांग किया सामाजिक प्रतिनिधियों ने उचित कार्यवाही नहीं होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने की बात कही है। छत्तीसगढ़ में अपराधियों को बचाने की पुलिस की जो परंपरा चल रही है वह बहुत ही चिंताजनक है।

# नव प्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

हायर सेकेंडरी स्कूल छुईहा में शैक्षिक सत्र 2024-25 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा मूंह मिठा कर स्वागत किया गया। वहीं गत वर्ष कक्षा 10वीं व12वीं में स्कूल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली 10वीं मीनाक्षी साहू गीतांजली साहू, खोमिन साहू, 12 वीं गीतांजली ध्रुव, नम्रता साहू, हूनय दिवान छात्र-छात्राएं का मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य नारायण ने इस सत्र में अभी तक प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अविभावक को विद्यालयों में चलाई जा रही विभिन्न क्रियाकलाप की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि



### टॉपरों का सम्मान

क्षेत्रीय विधायक के प्रतिनिधी विजय कर्रा, प्रचार्य नारायण निषाद, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिंन्हा, भाजपा नेता पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, भाजपा होरीलाल साहू, हाई स्कूल पूर्व अध्यक्ष काग्रेंस कार्यकर्ता परदेशी राम सिन्हा, सरपंच सिर्रिखुर्द टिकेश साहू ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हायर सेंण्ड्रीय स्कूल छुईहा में शिक्षक बहुत मेहनत से कार्य कर रहे हैं, परिणामस्वरूप परीक्षाफल अच्छा है। इस मौके पर डॉक्टर राजाराम सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, दशरथ,रामलाल ध्रुव, पंच कमला, मितानिन कमला, प्रेरक पार्वती सिन्हा, महेश साह, टिकेन्द्र सिन्हा, नीलम अंगारे, मुकेश निर्मलकर, रामाधीन ध्रुव, रोहित ध्रुव, महेंद्र साहू, वेदराम ध्रुव, पूनमचंद ध्रुव, संदीप रात्रे, नेहा ठाकुर, किरण मटियारा, पुनम ध्रुव शिक्षक, झंकेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

# साय बोले- संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश पर थोपकर लोकतंत्र को कुचला गया था।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्व. बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



### लोकतंत्र सेनानियों का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने काफी कष्ट उठाया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए। जहां उनके साथ बर्बरता की गई। उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

### उनका यह अभियान वंदनीय

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है।

### ये थे मौजूद

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## प्रदेश के 97 प्रतिशत कर्मियों को मिलेगा ओपीएस

# ओपीएस का विकल्प चुनने वालों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस का विकल्प चुना था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसे कर्मचारी अधिकारी जो रिटायरमेंट के करीब हैं, उनके प्रकरण ओपीएस के लिए बनने शुरू हो गए हैं।

खास बात ये है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू करने के बाद कर्मियों को ओपीएस या एनपीएस (नई पेंशन योजना) में से किसी एक का विकल्प चुनने कहा था। राज्य के 97 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था।



### पेंशन योजना को लेकर था संशय

राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद इस बात को लेकर संशय बना था कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी या नहीं। या पिछली सरकार का निर्णय बदलकर फिर से नई पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस मामले में पिछली सरकार के निर्णय और कर्मियों द्वारा चुने गए विकल्प को ही मान्य किया है। इस तरह राज्य में ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही मिलेगा यह तय है।

### ये है मामला

दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने यह तय किया था कि वह इस निर्णय पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों की राय को तवज्जो देगी। इसके लिए सरकार ने कर्मियों के सामने दोनों पेंशन योजना के विकल्प रखे थे। 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस तथा तीन प्रतिशत ने एनपीएस का विकल्प चुना था। इसके साथ ही तय हो गया था कि राज्य के शासकीय सेवकों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।


### एनएसडीएस लें, रकम की वापसी भी

प्रदेश के शासकीय कर्मी जो एनपीएस के सदस्य थे, उनके अंशदान की राशि एनएसडीएल संस्था में जमा होती थी। पिछली सरकार ने जब ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया तभी एनएसडीएल के पास जमा राज्य के कर्मियों के 17 हजार 200 करोड़ रुपए वापस मांगे गए थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार ने यह राशि देने से इनकार किया था। यह कहा गया था कि यह राशि वापस देने का कोई प्रावधान नहीं है। अब जबकि राज्य के शासकीय सेवको ने ओपीएस का विकल्प भरा तभी ये शर्त रखी गई थी, उन्हें एनएसडीएल में जमा राशि वापस लाकर राज्य सरकार को देनी है। बताया गया है कि रिटायर होने वाले कर्मियों की यह राशि अब एनएसडीएल राज्य सरकार के पास जमा करवा रहा है। अब राज्य सरकार यह राशि अपने कोष में जमा करके ओपीएस के प्रावधान के अनुरूप कदम उठाएगी। यह जानकारी भी मिली है कि रिटायर होने वाले ही नहीं, बल्कि नई भर्ती के शासकीय सेवकों को भी उनका सेवाकाल दस साल होने के बाद ओपीएस में शामिल किया जाएगा। राज्य में करीब तीन हजार कर्मी ही ऐसे हैं जो रिटायरमेंट के करीब थे, उन्होंने एनपीएस चुना था, इसी योजना के हिसाब से वे उनके लिए प्रावधान लागू होंगे।

# हत्या के आरोपियों को संरक्षण और समर्थन असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग की घटना के आरोपियों के समर्थन में राजधानी के सिटी कोतवाली थाने के घेराव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह घटना सभ्य समाज के लिए कलंक है। भाजपा की सरकार में हत्या के आरोपियों के समर्थन में भाजपा और आरएसएस के आनुशांगिक संगठनों द्वारा सिटी कोतवाली थाने का घेराव, कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने कहा, भयमुक्त वातावरण प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का अधिकार है, लेकिन साय सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसी घटनाएं होने लगी हैं। कलेक्टर और एसपी दफ्तर भी सुरक्षित नहीं रहे।



डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ मणिपुर की तरह जल रहा है। अपराधी बेखौफ हैं और अपराधियों के संरक्षण में जुलूस निकालकर थाने घेरे जा रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आरोपियों के समर्थन में दबाव बनाना संविधान और कानून का खुलेआम मखौल उड़ाने के समान है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को सरकार की स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**



## प्राथमिक शाला घोघरा में मना शाला प्रवेशोत्सव

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला घोघरा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराकर पाठ्य पुस्तक एव गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमिला साहू के द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा की पूजा अर्चना के कर कार्यक्रम की शुरूवात की गईं। उसके पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा पाठयपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया।श्रीमति प्रमिला साहू ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर स्कूल मे पढ़ाई करे एवं घर से तैयार होकर समय पर शाला आवे।स्कूल के शिक्षक भी बच्चों को मन लगाकर शिक्षा प्रदान करे। इस अवसर पर कार्यक्रम मे उपस्थित शाला प्रबंधन के सभी सदस्य एवं शाला के शिक्षक श्रीमति कामना दास मानिक, प्रखर सिंह धुरव, धमेंद्र कुमार साहू तथा शाला के प्रधान पाठक नरेन्द्र कुमार ध्रुव के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## संगठन को मजबूत करें : पारकर



**राजिम।** यादव भवन राजिम में क्रीड़ा भारती की विशेष बैठक में अध्यक्ष शरद पारकर ने कहा कि क्रीड़ा भारती द्वारा जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य व सम्मान देने के साथ क्रीड़ा भारती संगठन को मजबूत करना है। इस अवसर पर पुरन यादव, रमेश पटेल, हरिश्चंद्र निषाद, कैलाश साहू, सोमनाथ पटेल, चित्रलेखा नागेश, प्रेमसिंग नागेश, जयंत पारकर, धरम वर्मा, राघवेंद्र ध्रुव, निराली यादव, राजेश धीवर, परमेश्वर पटेल, जीतू धीवर, किशोर पटेल उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत किया

**अभनपुर।** बजरंग दास पूर्व माध्यमिक शाला अभनपुर में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर उपस्थित अथितियो द्वारा बच्चो को फूल भेंट, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान खोरपा तहसीलदार राममूर्मि दीवान,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष घासु राम साहू उपाध्यक्ष कपूर भारती,प्राचार्य श्रीमति इला सेंगर ,संकुल समन्वय सीताराम यादव बतौर अतिथि उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियो ने बच्चो को गणवेश व कॉपी पेन वितरण कर कहा कि शिक्षा मे अनुशासन बहुत ही आवश्यक है अनुशासन से ही विद्यार्थी की पहचान होती है पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य गतिविधियो मे भाग लेने से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। प्रवेशोत्सव के दौरान न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानपाठिका श्रीमती जानकी साहू,शिक्षक श्रीमती सुलोचनी वर्मा, श्रीमती अम्म्बी कोसरिया,नेहा साहू, शशि ध्रुव, अहिल्या तिवारी,श्रीमती इंदिरा सिन्हा,पालकगण सहित छात्र छात्राऐ मौजूद रहे।

**प्रवेशोत्सव :** बारुला स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम संपन्न

# स्कूल में बच्चों को दिए गए गृहकार्य को पालक पूर्ण कराने निभाएं सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक विद्यालय बारुला में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्यौता भोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी छात्र छात्रओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर हुए मुंह मीठा कराते हुए पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता ने सभी बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शाला में बच्चों को जो गृहकार्य दिया जाता है उन्हें पालक पूर्ण कराने में सहभागिता जरूर निभाएं। अनुसूईया साहू ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। आप सभी अच्छे से पढ़ लिखकर विद्यालय का



नाम रोशन करें। प्रधान पाठिका लता धुरव ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती है।यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित काम करने के लिए प्रेरणा देती है।सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें।झाड़ू राम साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है।कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो।सभी बच्चों की शत प्रतिशत शाला में प्रवेश हो। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रामसिंग सोरी ने शाला का निरीक्षण करते हुए शाला की साफ सफाई,गणवेश,पुस्तक एवं शिक्षकों व छात्र छात्रओं की शत प्रतिशत उपस्थिति के बारे में जानकारी ली।वहीं शाला के शिक्षक कमलकांत सेन की विवाह के उपलक्ष्य में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को खीर, बड़ा, पूड़ी,जलेबी एवं दाल, चावल,सब्जी परोसा गया।इस अवसर पर विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुभाष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं,ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण आहार मिल सके। पूरन लाल साहू संकुल प्राचार्य ने कहा कि जो व्यक्ति छात्र- छात्राओं को भोजन कराना चाहते हैं उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह, वर्षगांठ एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकते हैं। ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हीरामन साहू ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठिका लता ध्रुव, धर्मेन्द्र ठाकुर शिक्षक हीरामन साहू, मोती ध्रुव, कमलकांत सेन, रितु ध्रुव, जितेंद्र साहू, केकती साहू, अनीता बंदे, खिलेश्वरी साहू पालकगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## स्कूल शिक्षा सचिव ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण



**नवापारा-राजिम।** बुधवार को स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, एम डी संजय झा एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के द्वारा रायपुर जिले के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केन्द्री एवं शासकीय पुर्व माध्यमिक विद्यालय केन्द्री में आवश्यक निर्देश दिए।उनके द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण,कक्षाओं में बच्चों से चर्चा परिचर्चा भी किया गया। इस दरमियान उन्होंने अपने करकमलों से बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किए।निरीक्षण के दौरान अपर संचालक डॉक्टर योगेश शिवहरे, संयुक्त संचालक राकेश पाण्डे उपसंचालक आशुतोष चावरे, उप संचालक एएन बंजारा एवं आलोक चांडक, बीईओ अभनपुर धनेश्वरी साहू, बीआरसीसी अभनपुर राकेश साहू उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दी गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कनसिघी में प्राथमिक शाला, माध्यमिक व हाईस्कूल में एक साथ शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पीली बाई कुंजाम, अध्यक्षता गिरवर नागेश, विशेष अतिथि शाला विकाश समिति के पूर्व अध्यक्ष राधेसेन, कुशल ध्रुव, भोजनाग, पुजारी निषाद, लालसिग मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारत माता की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का पीला अक्षत से स्वागत किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली, छठवीं, नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर स्वागत कर बच्चों को कक्षा में प्रवेश



दिलाया गया। प्राथमिक और माध्यमिक के छात्र -छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं निशुल्क गणवेश देकर सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल के बच्चों को मिठाई खिलाकर कर पेन व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच पीली बाई कुंजाम ने कहा कि जबतक आप सभी की भागीदारी शिक्षा के प्रति नहीं होगी तब तक हमारे बच्चे पूर्ण शिक्षित नहीं हो सकता, हमें अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा। आप सभी अपने गांव मुहल्ले के 6 से 10 साल तक बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा ग्रहण करने स्कूल भेजें तब कहीं हमारे बच्चे शिक्षित होकर गांव का गौरव बनेगा। गिरवर नागेश ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राधे सेन ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वहां शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं आगे बढ़ेगा। प्राचार्य मिश्री लाल सिन्हा ने कहा कि बालक,पालक, शिक्षक ये तीनों की समंजस से ही स्कूल चलता है। सभी पालकगणो से निवेदन किया कि आप अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें। इस मौके पर शिक्षक रामेश्वर देवांगन, नोहर लाल, शत्रुता कुमार कुंजाम, हरिराम नागेश, यशवंत कुमार नायक, जितेन्द्र सिंह जाट, ललित कुमार बंजारे, नीतू वर्मा, सविता सिन्हा, दीप्ति ध्रुव, बलराम यदु, कोनेद्र साहू, भूषण पटेल, मिथलेश सिन्हा, देवनाथ, हेमंत कुमार, अमितेश ठाकुर, त्रिलोचन साहू, कोमल साहू, निरंजन साहू, ओमप्रभा साहू सहित पालक गण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बच्चों को बांटे गए गणवेश और पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हो गया है। सारागांव, दुल्ला, केवटीझर, टोनही डबरी में नोडल अधिकारी, शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रवेश उत्सव में बच्चों का टीका लगाकर प्रवेश कराया गया और उन्हें शाला गणवेश और पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, सरपंच यशवंत ठाकुर, जनपद सदस्य दीपक चंद्राकर, संकुल समन्वयक राम लाल टांडे सहित सभी स्कूलों के प्रधान पाठक एवं बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव ने कहा कि बच्चों को निश्चित रूप से प्रतिदिन स्कूल भेजे और उनके शिक्षा पर समय प्रदान करें। बच्चे ही आने





वाले भविष्य के लिए हम सबका भविष्य है इस पर हम सब आवश्यक रूप से ध्यान देकर उनके पढ़ाई को प्रोत्साहित करें।



## प्राथमिक शाला पाली में मना प्रवेशोत्सव

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला पाली में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व शाला के शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों को गुलाल लगाते हुए पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर खीर पूड़ी खिलाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच त्रिवेणी साहू ने कहा कि आज के बच्चे कल भावी राष्ट्र का निर्माण करेंगे।अतः उन्हें शिक्षा के साथ अच्छी संस्कार देना हम सब की महती जिम्मेदारी है। प्रधान पाठक कमलेज बघेल ने कहा कि बच्चों को शासन के निर्देशानुसार अच्छी एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन गोस्वामी सर ने किया।इस अवसर पर गजेंद्र साहू,यशोदा धुरव, ममता ध्रुव, द्रोपदी निषाद, शकुंतला बघेल, कोमल यादव, माधुरी साहू, पुरसोत्तम रात्रे, गजेंद्र रात्रे, सविता कुंजे, डिगेश्वर धृतलहरे, योगेश्वरी, स्वाति साहू, प्रभा साहू, गनेश्वरी साहू, श्यामबाई साहू, शिक्षिका देमिन साहू, स्वीपर सरिता बांधे सहित छात्र- छात्राएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

## कुडेरादादर में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक व माध्यमिक शाला कुडेरादादर में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच कामनी ध्रुव, अध्यक्षता नारायण सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि आशा साहू, सुदेराम साहू, शिवदास मानिकपुर, हुमन ध्रुव,सिरवा बाई के अतिथि में हुआ। सर्वप्रथम माता सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा पहली, छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आरती उतारकर, तिलक लगाकर,माला पहनाकर एवं मीठा खिलाकर अभिनंदन स्वागत किया गया। सभी अतिथियों के हाथों नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्य



पुस्तक एवं निशुल्क गणवेश देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारायण सिंह ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चे शाला में नियमित स्कूल आने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं शिक्षा में अग्रसर रहने की बात कही। सरपंच कामनी ध्रुव ने कहा कि बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चे संस्कार के साथ शिक्षा ग्रहण करें। सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान बिमला नागेश, पीला बाई ,सुकाला बाईं, पुनिया,धोरो, सेवती, शिक्षकगण भीषम कोमर्रा, देवानंद नेताम, चोवा पहाडिया, बालमुकुंद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन यदु ने किया।



## जामगांव में मना शाला प्रवेशोत्सव

**फिंगेश्वर।** शासकीय हायर सेकेंडरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला जामगांव में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमे छात्रएं शामिल हुई। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई, खिलाकर उसका हार्दिक अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंच में विराजमान मधुबाला रात्रे सभापति जिला पंचायत, ग्राम जामगांव के प्रथम नागरिक सरपंच अरुण सिन्हा,शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष त्रिपुरारी पटेल, भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री मिजून साहू, पूर्व सदस्य मेवा लाल तारक, जनपद सदस्य राज भाई दीवान, वेद दीवान, संस्था प्रमुख भारती मैडम सहित सभी वरिष्ठ शिक्षक गण दीवान सर, तिवारी सर, साहू सर, बिरेन्द्र सोनी एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## देवगांव स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

**छुईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला देवगांव में कल प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सरपंच ग्राम पंचायत देवगांव ओमप्रकाश साहू, भाजपा नेता पूर्व बिजली सरपंच मोती राम निषाद ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। वहीं पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर सभी का गुलाल लगाकर



स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मोती राम निषाद, निषाद समाज जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद पूर्व सरपंच बिजली, अध्यक्षता ओम प्रकाश साहू, सरपंच चरभट्टी विशिष्ट तिथि कांग्रेस जिला महामन्त्री रोहित साहू, पूर्व सरपंच संगीता साहू, बेनू राम साहू ,भुवनेश्वरी साहू, पार्वती ध्रुव, सरस्वती सतनामी, भानु प्रताप ध्रुव, प्रधान पाठक गोपाल सोनवानी, गीता दीवान सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिक्षा हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती है: कमल

**छुईहा बेलर।** हायर सेकेंडरी स्कूल, माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रबंधन समीति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक सहित महिलाओं की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बेलर टायल साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष महेतरू सिन्हा, प्राचार्य कमल पांडेय, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पंच विष्णु साहू,रेखा साहू थे। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। समस्त छात्र- छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरण भी किया गया। प्राचार्य बेलर कमल पांडेय ने कहा की पढ़ाई-लिखाई कर आप सभी आगे बढ़ सकते है, बिना शिक्षा के जीवन अधूरा है, आप सब संकल्प ले कि सभी बच्चे रोज स्कूल आएं। तथा घर में भी पालक गण पढ़ाई के लिये बच्चों को प्रोत्साहित करें। इस मौके पर मितानीन प्रशिक्षिका सरोज साहू, प्रवीण साहू, धनेश्वरी साहू रेखा साहू, विष्णु साहू, संदीप साहू उपस्थित थे।



## लोगों को नए कानून की जानकारी होना जरूरी : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के सामुदायिक भवन में गुरूवार को नये कानून के सबंध में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव एवं वरिष्ठजन के साथ सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम एवं एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे, पहली जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून के सबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीएम मैनपुर तुलसीदास मरकाम ने कहा कि 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे है अधिकारी सहित नागरिकों को इसकी जानकारी होनी चाहिए, सभी के लिए आवश्यक है कि स्वंय भी इन कानूनों को समझे तथा दुसरों को भी जागरूक करें। मैनपुर एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने बताया कि एक जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये



कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीध्द होगा। उन्होने ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की बात कही है। इस दौरान उन्होने नये कानून के सबंध में विस्तार से बताया इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैनपुर अंजली खलखों, तहसीलदार मैनपुर गेंदलाल साहू, रमंकात केंवर, वन परिक्षेत्र अधिकारी डीके सोनी, संजीत मरकाम, अमर सिंह ठाकुर, गौरीशंकर, गुलशन यदु, नरेश ध्रुव, वासुदेव करण मौर्य, प्रेम ध्रुव, संतोश गुप्ता, बिजली विभाग के अधिकारी संजीत बंजारे, राजकुमार साहू, उपेन्द्र नेताम, पुस्तम नागेश, त्रिवेण नागेश, संजय नंदलाल, संजय राजपुत, निलाम्बर यदु, कैलाश ठाकुर, अशोक मोंहती, खेलन दीवान, जिलेन्द्र नेगी, सहदेव साण्डे, घन"याम नागेश, श्री ग्वाले, बसंत सिन्हा, बसंत जगत, भूषण डोंगरे सहित बडी संख्या अधिकारी कर्मचारी वरिष्ठ नागरिक सचिव सरपंच उपस्थित थे।

भावपूर्ण श्रद्धांजली

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परमपूज्य पतिदेव पं. श्री शिवकुमार शर्मा जी का आकस्मिक निधन दिनांक : 19-06-2024, बुधवार को हो गया है। जिनके कार्यक्रम में आप सहपरिवार पधारकर पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें।



स्व.पं.श्री शिवकुमार शर्मा

कार्यक्रम
दशगात्र : 29-06-2024 दिन - शनिवार, आ.कृ. 08
तेरहवी : 02-07-2024, दिन - मंगलवार, आ.कृ. 11
स्थान :- गृहग्राम श्यामनगर (राजिम)

-: विनीत :-
श्रीमती ईश्वरी शर्मा (धर्मपत्नि)
राजीव लोचन शर्मा (पुत्र)
ग्राम - श्यामनगर (राजिम), मो. 9522487608

शोकाकुल :- बिसौहा प्रसाद शर्मा, रोहित शर्मा, योगेश शर्मा, जोगेश शर्मा, शुभम शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, एवं समस्त शर्मा परिवार।

नोट : जिन लोगों को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### कसेकेरा में मना शाला प्रवेशोत्सव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कसेकेरा में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला विकास समिति संरक्षक गैंदालाल पटेल अध्यक्षता भानु ध्रुव अध्यक्ष शाला विकास समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच अनिता ध्रुव की उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां शारदे की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान के पश्चात कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही मुंह मीठा कराकर गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक भेंट कर शाला प्रवेश कराया गया।मुख्य अतिथि गैंदालाल पटेल ने इस अवसर पर पलकों से अपील किया कि अपने बच्चों को शाला प्रवेश कराये और शत प्रतिशत विद्यालय में दाखिला सुनिश्चित हो इस पर शिक्षकों को विशेष ध्यान देने की बात कहा।इस अवसर पर शाला विकास समिति के समस्त पदाधिकारी एवं पालक व समस्त स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खड़मा स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खड़मा बुधवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशी छात्र। छात्राओं को तिलक लगाकर मुह मिठा कराकर पाठ्यक्रम गणवेश वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लगनी अवध राम साहू, सरपंच प्रेमाराम कंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, गौकरण घृतलहरे, रवि साहू, पूर्णिमा कंवर एवं स्कूल स्टॉप अखिलेश बावनगड़े, प्रदीप पांडेय, गणेश कुमार पटेल, ममता तिर्की, चंद्रप्रभा साहू रेनू देवांगन, लक्ष्मीवेणु तिवारी, डिपेश साहू, टाकेश्वर सेन, माधुरी यादव, प्रकाश साहू, सुषमा ध्रुव, विजय वर्मा, दुष्यंत साहू, दीपेश देवांगन, गणेशी चौहान, होमेश्वरी ध्रुव, माधव लाल ध्रुव, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थिति थे।

### शाला प्रवेशोत्सव में पहली बार बनाया सेल्फी जोन



**मैनपुर।** शाला प्रवेशोत्सव में इस बार मैनपुर विकासखण्ड में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, कई स्कूलों में सेल्फी जोन बनाया गया है जंहा पालक और स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चे फोटो लेकर यादगार लम्हों को अपने कैमरे में कैद कर रहे है।

**शाला प्रवेशोत्सव :** सहायक संचालक ने बच्चों से बातचीत कर गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण की जानकारी ली

# ९८ बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश का वितरण

# उमंग और उत्साह के साथ मना प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा खेलसिह नायक के निर्देश पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का निरीक्षण करने जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल द्वारा स्कूल निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारी सहायक संचालक रेशम पालन विभाग गरियाबंद शिवकुमार पटेल पहुंचे। उन्होंने स्कूल के सभी दस्तावेज, शाला परिसर, शौचालय, किचन, एवं सभी अध्यापन कक्षो का निरीक्षण कर साफ- सफाई पर प्रसन्नता जाहिर कर बच्चों से बातचीत कर गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण की जानकारी ली। विद्यालय में सभी कार्य व्यवस्थित मिलने पर खुशी जाहिर कर शिक्षकों को बधाई दी। शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना करके किया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाया गया। पुष्प भेंट एवं मुँह मीठा से स्वागत अभिनन्दन अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा उपस्थित 98 बच्चों को शासन से प्राप्त निशुल्क पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया एवं शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत गरम मध्यान्ह भोजन में अशोक साहू द्वारा अपने भतीजी के शुभविवाह के खुशी में बच्चे को न्यौता भोजन दिया गया जिसमें दाल ,चावल, सब्जी पापड़ के अलावा अतिरिक्त पोषण के रूप में केला, जलेबी, खीर पूड़ी शामिल था। भोजन से बच्चे बहुत खुश थे। मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल साहू सरपंच, अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी, विशेष अतिथि के रूप में पालक सदस्य भूषणलाल साहू, इंद्राणी साहू, मनीषा साहू, लक्ष्मी यादव, चित्ररेखा यादव, डुमेश्वरी साहू, तारा साहू उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के प्रधानपाठक राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा स्वागत भाषण के साथ शासन द्वारा बच्चों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं को बिंदुवार बताया गया। निःशुल्क

#### बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण

गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क साइकिल वितरण, आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट, राज्य छात्रवृत्ति, जवाहर नवोदय, एकलव्य विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना इस सत्र से 10वी व 12वी कक्षा में अध्ययनरत बच्चों को नीट एवं जेईई को निशुल्क कोचिंग एवं एक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजन किए जाने संबंधी जानकारी दी गई।

### बच्चों को दी गई पुस्तकें



**मुड़ागांव(कोरासी)।** संकुल केन्द्र जरगांव के आश्रित प्राथमिक शाला कटेलपारा में स्कुल खुलते ही कमार बच्चों के चेहरे पर छाई खुशी। स्कुल के प्रथम दिवस ही शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को निशुल्क गणवेश तथा पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। शाला समिति के सदस्यों के द्वारा नवागन्तुक बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। पिता का तन पर भले ही कपड़े न हो पर बच्चों के लिए स्कुल जाने के लिए कपड़ा जरूरी है। ये कमार जनजाति की संस्कृति परम्परा है। बीहड़ जंगलों में निवासरत कमार जनजाति परिवार के मुखिया भले ही उनके तन में अंगरखा न हो।पर बच्चे पढ़ने लिखने जाए तो वो गणवेश पहनकर जाए। बच्चे काफी खुश नजर आए तथा बच्चों ने गुरू का आशीर्वाद लिया। वहीं बच्चे प्रफुल्लित मन से मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में समिति के सुखराम कमार, गिरवर निषाद प्रधानपाठक, चरणदास धृतलहरे, सोराम कमार, हिरउ राम कमार,सुरुजबती, आदि उपस्थित थे।

## फोकटपारा किरवई स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा किरवई में नये शिक्षा सत्र 2024- 25 का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा मुँह मीठा कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत किरवई के सरपंच श्री यथार्थ शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास में अहम भूमिका निभाता है, मानव जीवन के लिए शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है, अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक गैंदराम साहू ने नवप्रवेशी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक दिनेश्वर साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और हर हाल में हमें बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करने की जरूरत है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष झामिन तारक सदस्य धनाजी विश्वकर्मा भुवन साहू यादराम साहू ढेलिया बाई दीपक राजपूत केतकी बाई सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन दिनेश्वर साहू तथा आभार व्यक्त गीता साहू ने किया।

## शिक्षा सभी समस्या के समाधान की चाबी : उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



#### टेंगनाबासा स्कूल में न्योता भोज व प्रवेश उत्सव

विकास खंड छुरा के समीपस्थ ग्राम पंचायत टेंगनाबासा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शाला परिसर में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को कक्षा 1ली और 6वीं में प्रवेश दिलाकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जहां न्योता भोज तथा प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य व सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष रेवा राम ध्रुव ने किया। विशेष अतिथि बतौर उपसरपंच मोहेन्द्र कुमार सिन्हा, ग्राम प्रमुख प्रतिनिधि हरि राम सिन्हा ब्रिजलाल सिन्हा परमेश्वर सिन्हा, पत्रकार किशन सिन्हा प्रमुख रुप से उपस्थित थे। उक्त अतिथियों के द्वारा भारत माता, माँ सरस्वती के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां संचालन संकुल समन्वयक यशवंत सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि हर व्यक्ति के अन्दर ईश्वर, प्रकृति प्रदत्त एक विशेष गुण विद्यमान है। उसे पहचान कर आगे बढ़ना है। हमारी एक गुण हमें महान बना सकती है। उप सरपंच मोहेन्द्र सिन्हा ने कहा की शिक्षा सर्व समस्या के समाधान की चाबी है। पत्रकार किशन सिन्हा ने कहा कि शिक्षा कारण आज इसी स्कूल में पढ़ाई कर आज बतौर अतिथि गर्वावित महसूस कर रहा हूं। अपने भीतर की छोटी- छोटी प्रतिभा को पहचान कर ही व्यक्ति एक दिन बड़ा बनता है। उक्त कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक भगवान सिंह ध्रुव, प्राथमिक शाला इन्दूमति राजपुत उच्च माध्यमिक विद्यालय सेम्हरा के प्राचार्या दीवान मैडम, गैंद सिंह नेताम, हिराधर साहू हरीश साहू आदि उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल जरगांव में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत प्राथमिक शाला नवाडिह जरगांव, माध्यमिक शाला जरगांव, तिलाईदादर,कमारटोला, हाईस्कूल जरगांव में शाला प्रवेशोत्सव तथा न्योता भोज का आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की वन्दन पूजन के साथ हुआ। नौनिहालों का स्वागत चंदन वंदन के साथ किया गया। वहीं खीर- पुड़ी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। शाला प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा निः शुल्क गणवेश तथा पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया। गणवेश, पुस्तक पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। शाला प्रारंभ होने के दिन ही बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बच्चे न्योता भोज में खीर पुड़ी, भजिया, केला तथा दाल सब्जी भोजन बड़े मजे से ग्रहण किया। ग्रामवासियों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता विनोद कुमार साहू ने किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में रामाधार साहू, मदन लाल ध्रुव, हीरा सिंह ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, लोकनाथ साहू थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव ने कहा कि शिक्षा आनंददायक हो बच्चे बड़े मजे से खेल खेल में विद्या अध्ययन करें। ताकि बच्चे का सर्वागिण विकास हो सकें। अभिभावकों की उपस्थिति समय- समय पर होते रहे और बच्चों की रिपोर्ट कार्ड लेते रहे। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार पाण्डेय, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, बाबूलाल ध्रुव उपसरपंच , विनोद कुमार साहू , मदन लाल ध्रुव, हीरासिह ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, लोकनाथ साहू, चुम्मन ध्रुव, भोगेंद्र ठाकुर, कन्हैयालाल यादव प्रधानपाठक, रामेश्वरी मांझी, रामबती ध्रुव, डिगेश्वरी दिवान, पदमनी ध्रुव, लिमेश साहू, पुरूषोत्तम ध्रुव, रुपसिंह विश्वकर्मा, सोनिका टाण्डे, ललिता वर्मा, खूशबु पटेल, केशरी पटेल, उर्मिला ध्रुव, टिकेश्वरी, संतोष कुमार साहू, दीपमाला मिश्रा, मंगलमूर्ति सोनी, निरमिला ठाकुर, गोविन्द यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल यादव ने किया।


## हाईस्कूल सिर्री कला में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



हाई स्कूल सिर्रीकला में हर्षोलास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों के कमलों से बच्चों का स्वागत कर उनका मुंह मीठा कराया गया एवं पाठ्य पुस्तक वितरित कि गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सभापति अर्चना डॉक्टर दिलीप साहू कार्यक्रम के अध्यक्षता सरपंच सरोजनी मोहन साहू, विशेष अतिथि डॉक्टर दिलीप साहू कार्यकारणी सदस्य अखिल भारतीय तैलिक महासभा, प्राचार्य ओमप्रकाश सिन्हा, संकुल समन्वयक असीम श्याम हरित, पालक दीपक राज साहू, आनंद साहू, पोषण साहू एवं शिक्षक साथी गण, स्कूली बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि जनपद सभापति अर्चना साहू ने कहा कि सबसे बढ़ियां जीवन विद्यार्थी जीवन का होता है। अतःबच्चों को प्रसन्नता के साथ पढ़ाई लिखाई करना चाहिए। अपने विद्यार्थी जीवन के समय को याद करते हुए कहा कि हमारे समय मे न तो हमे शासन से पुस्तक मिलता था न सायकल हम लोग पैदल चलकर स्कूल जाते थे और संघर्षपूर्ण विद्याध्ययन करते थे। हमारे बीते हुए संघर्षों एवं मांग को लेकर अब के समय मे शासन आपको सब कुछ दे रहे। इसलिए बच्चों को चाहिए कि वे ईमानदारी पूर्वक अपनी पढ़ाई लिखाई की करें। अच्छा पढ़-लिखकर अपने माता- पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे कहा कि आषाढ़ चुके किसान, वृक्ष से चुके पत्ते और शिक्षा से चुके बच्चे तो इनका दिन कभी वापस नहीं आते। इसलिए नियमित स्कूल आवे और नियमित पढ़ाई करें। कार्यक्रम को सरपंच सरोजनी साहू, डॉक्टर दिलीप साहू, संकुल समन्वयक असीम श्याम हरित व पालक दीपक साहू ने भी संबोधित किया एवं आभार संस्था के प्राचार्य ओम प्रकाश सिन्हा एवं संचालन ध्रुव सर द्वारा किया गया।

### छात्रों को कराया गया न्योता भोज



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में स्कूल खुलने के पहले दिन से ही छात्र- छात्राओं को न्योता भोज करा कर मुंह मिठा कराया गया। रवि साहू युवा भाजपा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत सरपंच प्रेमाराम कंवर ने शाला प्रवेशोत्सव के उपलक्ष में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 100 छात्र-छात्राओं की उपस्थित रहीं साथ ही अतिथियों एवं सभी शिक्षकगण ने न्योता भोजन ग्रहण किया।

### कोरासी में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरासी में शाला प्रवेशोत्सव बड़ा ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कुमारी बाई ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत करकरा, ताराबाई दीवान अध्यक्ष प्राथमिक शाला, महेतरीन बाई ध्रुव पंच,चंद्रिका बाई ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां शारदे की छायाचित्र पर पूजा अर्चना वंदना के साथ प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लिए बच्चों का मुंह मीठा करवाया गया तथा पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया साथ ही सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ना और प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य गण पलक गण और शिक्षक गण उपस्थित रहे शाला परिवार की ओर से पूरन लाल निषाद प्रधान पाठक, देवकरण सिंह ध्रुव, यूमिता साहू प्रधान पाठिका, दालू राम कमार उवेसिग ध्रुव, कन्हैयालाल ध्रुव, प्रेमलाल दीवान, गोवर्धन सिंह दिवान, तेजराम ध्रुव, नकुल सिंह ध्रुव, अंजोर सिंह दीवान, नीरा दीवान, भूरी यादव, हेमा दीवान, लाता दीवान और शाला के सभी बच्चे उपस्थित रहे।



## आत्मानंद विद्यालय छुरा में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में सत्र 2024- 25 का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अध्यक्षता खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, विशेष अतिथि सलीम मेमन पूर्व पार्षद, पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष मो. इस्माइल खान, उपाध्यक्ष पालक शिक्षक समिति सदस्यगण विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया जिसमें कक्षा 12वीं से अदिति सिंह कक्षा 10वीं से जिज्ञासा साहू, दीप सचदेव एवं लीना कंवर सम्मानित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता दिवस कुमार यादव ने किया।

### बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी में कक्षा छठवीं में नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर तथा गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक प्रदान कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सोना बाई, शिक्षाविद लखन लाल तिवारी, सरपंच संतू राम ध्रुव , सदस्यगण निर्मला ध्रुव, संध्या ध्रुव, रोहित तारक, केशव कंवर, जीवन तारक, कुंवर सिंह व पालकगण कौशल्या, टेमीन बाई, रूखमणी, हेमकुमारी संस्था से प्रधान पाठक सुखेश्वर राम पंकज, शांति प्रभा मिंज, रूपसिंह ध्रुव, सुदामा प्रसाद लोधी, शिवशंकर यादव, भृत्य गोवर्धन यादव, रसोईया गीता बाई, नीतू तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Baloda Bazar To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411